**कार्यालय संचालक**
**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय**
**ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

---

क्रमांक 67 /वि.स.–जुलाई /2026 नवा रायपुर, दिनांक 30/6 /2026

प्रति,

**सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर. विभाग,
महानदी भवन मंत्रालय, नवा रायपुर

**विषय–** **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 853 तारांकित द्वारा श्री ललित चंद्राकर, सदस्य विधानसभा की जानकारी अग्राहय/संशोधन कराने के संबंध में।**

कृपया विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न 853 तारांकित द्वारा श्री ललित चंद्राकर, सदस्य विधानसभा में पूछे गये प्रश्न के प्रश्नांश 'ग' में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक दुर्ग जिले के उचित मूल्य दुकानों की सामाजिक संपरीक्षा प्रतिवेदन कार्यवाही की संपूर्ण जानकारी चाही गई है।

2. उपरोक्त संदर्भ में दुर्ग जिले में 657 उचित मूल्य दुकान संचालित है। विगत 03 वर्ष की दुकानवार सामाजिक अंकेक्षण प्रतिवेदन की जानकारी अंत्यत विस्तृत (लगभग 2000 पृष्ठ) होगी। विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के अध्याय 7 कंडिका 36 (16) में प्रावधान है कि– उसमें ऐसे नीति के प्रश्न नहीं उठाये जायेंगे जो इतनी विस्तीर्ण हो की प्रश्न उत्तर की सीमा के भीतर न आ सके।

अतः उपरोक्त विधानसभा प्रश्न के प्रश्नांश 'ग' को अग्राह्य/संशोधन कराने का कष्ट करें।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**
**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, नया रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य नियंत्रक कार्यालय की सामाजिक संपरीक्षा**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **853** ) **श्रीललित चंद्राकर**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पारदर्शिता एवं जवाबदेही) नियम 2017" के अध्याय 3 की कंडिका 4(2)(ग) के तहत निर्देशित सामाजिक संपरीक्षा कार्यवाही के प्रावधानों का अनुपालन किया जाता है ? (ख) प्रश्नांक 'क' के अनुसार उत्तर यदि हाँ, तो क्या जिला कलेक्टर दुर्ग स्तर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अभिलेखों की सामाजिक संपरीक्षा करवाई की जा रहीं है ? (ग) प्रश्नांक 'क' और 'ख' के अनुसार उत्तर हाँ, है तो वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 में 03 वर्षो में जिला दुर्ग के सामाजिक संपरीक्षा प्रतिवेदन कार्यवाही की संपूर्ण जानकारी देवें?

**Sent From :** खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण | **Sent Date :** 30/06/2026 05:16:28 | **Target Date :** 06/07/2026

**Remark : उपरोक्त संबंध में उत्तर तैयार कर दिनांक 06.07.2026 अनिवार्य रूप से विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।**